110
21/5/14

श्री नरेन्द्र प्रसाद सिंह (भा0 प्र0 सें0), जिला पदाधिकारी, मुंगेर की अध्यक्षता में

जिला टास्क फोर्स बैठक की कार्यवाही

दिनांक– 05.05.2014 को जिला पदाधिकारी मुंगेर की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक का आयोजना किया गया जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों ने भाग लिया।

क) जिला कृषि पदाधिकारी, मुंगेर।
ख) परियोजना निदेशक, मुंगेर।
ग) जिला सहकारिता पदाधिकारी, मुंगेर।
घ) कार्यक्रम समन्वयक, के0वी0के0, मुंगेर।
ड़) कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ अभियंत्रण, मुंगेर।
च) कार्यपालक अभियंता, पी0एच0ई0डी0, मुंगेर।

1) **हरी खाद योजना गरमा वर्ष 2014 :–**

जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस योजना के तहत जिले का लक्ष्य 880 क्वि0 ढैंचा का बीज, श्री विधि से धान की खेती करने वाले कृषकों को 90% अनुदान पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। एक कृषक को 1 एकड़ के लिये अधिकतम 8Kg बीज देय है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि जिले हेतु 440 क्विं0 मूंग बीज वितरण का भी लक्ष्य था, परन्तु मूंग बीज वितरण का कार्यक्रम सिर्फ उत्तरी बिहार के जिलो में ही विभाग द्वारा संशोधित कर दिया गया है। जिले की कुल प्रगति 50% ही बताई गई। हवेली खड़गपुर प्रखंड का बीज वितरण का लक्ष्य असंतोष जनक पाया गया जिसे शीघ्र लक्ष्य के अनुरूप वितरण का निदेश दिया गया।

2) **मिट्टी जाँच अभियान 2014 :–**

जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कुल 7016 लक्ष्य के विरूद्ध मिट्टी नमुना का संग्रह शत प्रतिशत कर लिया गया है, परन्तु प्रयोगशाला में प्रेषण मात्र 3520 नमुना ही है। निदेशित किया गया कि जिला कृषि पदाधिकारी ससमय सभी संग्रह नुमना को प्रयोगशाला में भेजवाते हुये, फलाफल प्रतिवेदन विभागीय निदेशानुसार ऑन लाईन करने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

3) **श्री विधि प्रत्यक्षण, संकर धान प्रत्यक्षण एवं अन्य खरीफ वर्ष 2014 के योजनाओं का कार्योन्वयन :–**

समीक्षा के क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि श्री संस्कृति महाअभियान 2014 के तहत प्रखंड स्तरीय शिविर में निम्नांकित योजनाओं की उपादान सामग्री चयनित कृषकों को उपलब्ध कराया जाना है।

क्र0	योजना का नाम	लक्ष्य (भौतिक)	अभ्युक्ति
1	श्री विधि धान प्रत्यक्षण	7500 एकड़	
2	संकर धान बीज वितरण	705 क्विं0	
3	जलवायु परिवर्तन (मक्का, अरहर एवं मडुआ)	5912 एकड़	
4	मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार कार्यक्रम	धान– 84 क्विं0 अरहर– 2 क्विं0	
5	बीज ग्राम कार्यक्रम	धान– 84 क्विं0 अरहर– 40 क्विं0 उड़द– 40 क्विं0	

उनके द्वारा यह भी बताया गया कि मानक उपादान सामग्री चयनित कृषकों द्वारा अपना इच्छानुसार क्रय करेंगे एवं कैश मेमों के उपस्थापन पर संबंधित प्रखंड कृषि पदाधिकारी द्वारा

D:\DAO\2013-14\letters\Taskforce Letter.doc

क्रय की गई सामग्री का भौतिक सत्यापन करते हुए अनुमान्य राशि चेक द्वारा शिविर में ही भुगतान करेंगे। विभाग द्वारा संभावित शिविर की तिथि 20 मई 2014 के उपरांत बताई गई। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कही–कही शिविर में अत्यधिक भीड़ होने के कारण विधि व्यवस्था की समस्या खड़ी हो जाया करती है जिसके लिए उचित कार्यवाही हेतु अनुरोध किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि शिविर आयोजन हेतु ससमय आवश्यक तैयारी करते हुए श्री संस्कृति महाअभियान का आयोजन विभागीय निदेशानुसार करें। कानून व्यवस्था हेतु प्रखंड स्तर के थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ–साथ अनुमंडल पदाधिकारी को भी शिविर आयोजन की तिथि की सूचना दी जाय। जिससे उसकी समुचित व्यवस्था हो सके।

4) जिला जल छाजन एवं आत्मा शाषी परिषद की बैठक दिनांक– 24.05.2014 को अपराहन 3:30 बजे निर्धारित किया गया है उसी दिन कृषि विभाग से संबंधित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारणी समिति की बैठक भी करने का निर्णय लेते हुए सभी संबंधित सदस्यों को सूचित करने का निदेश दिया गया।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह– सदस्य सचिव,
मुंगेर।

विश्वासभाजन
13/5/14
जिला पदाधिकारी
–सह– अध्यक्ष,
मुंगेर।

ज्ञापांक: 566 / कृषि / मुंगेर दिनांक– 17.5.2014

प्रतिलिपि:– संबंधित सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:– अनुमंडल पदाधिकारी सदर मुंगेर / तारापुर / ह0 खड़गपुर को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

13/5/14
जिला पदाधिकारी
–सह– अध्यक्ष,
मुंगेर।

ज्ञापांक: 566 / कृषि / मुंगेर दिनांक– 17.5.14

प्रतिलिपि:– आयुक्त मुंगेर की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:– कृषि निदेशक / प्रधान सचिव कृषि / कृषि उत्पादन आयुक्त, बिहार पटना की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

13/5/14
जिला पदाधिकारी
–सह– अध्यक्ष,
मुंगेर।

D:\DAO\2013-14\letters\Taskforce Letter.doc